Title: Need to lay a new rail line between Balsar (Gujarat) and Nasik (Maharashtra) via Dharampur -- Laid.

श्री मणिभाई रामजीभाई चौधरी (बलसाड़) : अध्यक्ष महोदय यद्यपि हमारी सरकार नयी रेल लाइनों को बिछाने का काम तेजी से कर रही है, लेकिन अभी भी अनेक स्थान ऐसे हैं, जहां पर कि नयी रेल लाइन बिछाने की बड़ी ही आवश्यकता है। मेरे संसदीय क्षेत्र बलसाड गुजरात से धरमपुर होते हुए नासिक महाराट्र तक नयी रेल लाइन बिछाना बहुत आवश्यक है क्योंकि अभी बलसाड से नासिक जाने के लिए पहले मुम्बई जाना पड़ता है, जहां की दूरी 200 किलोमीटर है और फिर मुंबई से नासिक जाना पड़ता है। वहां की दूरी भी 200 किलोमीटर है, जबकि बलसाड से धरमपुर होते हुए नासिक की दूरी मात्र 200 किलोमीटर है। इस प्रकार लोगों को बलसाड से नासिक जाने के लिए दूना समय और धन खर्च करना पड़ता है। इस नयी रेल लाइन के बन जाने पर बलसाड, गुजरात एवं नासिक, महाराट्र के लोगों को काफी लाभ मिलेगा और उनके किराये और समय में काफी कमी हो जायेगी। नासिक एक धर्मस्थल होने के साथ साथ वहां पर टमाटर व अंगूर का बहुत बड़ा व्यापारिक केन्द्र है। फलस्वरूप वहां पर लोगों को आना जाना पड़ता है।

अतः मेरा माननीय रेल मंत्री जी से विशे आग्रह है कि बलसाड से नासिक तक नयी रेल लाइन बिछाने का कार्य उच्च वरीयता एवं प्राथमिकता के आधार पर अविलम्ब कराने की कृपा करें।